SET-3

Series SSO

कोड नं. **67/3**
Code No.

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **28** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **28** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

लेखाशास्त्र

ACCOUNTANCY

निर्धारित समय : 3 घण्टे | *अधिकतम अंक : 80*

Time allowed : 3 hours | *Maximum Marks : 80*

सामान्य निर्देश :

(i) *यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभक्त है – क और ख ।*

(ii) *खण्ड क सभी के लिए **अनिवार्य** है ।*

(iii) *खण्ड ख के दो विकल्प हैं – वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा अभिकलित्र लेखांकन ।*

(iv) *खण्ड ख से केवल एक ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

(v) *किसी प्रश्न के सभी खण्डों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।*

General Instructions :

(i) *This question paper contains two parts – A and B.*

(ii) *Part A is **compulsory** for all.*

(iii) *Part B has two options – Analysis of Financial Statements and Computerized Accounting.*

(iv) *Attempt only one option of Part B.*

(v) *All parts of a question should be attempted at one place.*

खण्ड क
(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)
PART A
(Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. किसी साझेदार की मृत्यु पर, उसकी मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभ में उसके भाग को स्थानान्तरित किया जाता है :

(i) लाभ-हानि खाते के नाम की तरफ ।

(ii) लाभ-हानि खाते के जमा की तरफ ।

(iii) लाभ-हानि उचंत खाते के नाम की तरफ ।

(iv) लाभ-हानि उचंत खाते के जमा की तरफ । *1*

On the death of a partner, his share in the profits of the firm till the date of his death is transferred to the :

(i) Debit of Profit and Loss Account.

(ii) Credit of Profit and Loss Account.

(iii) Debit of Profit and Loss Suspense Account.

(iv) Credit of Profit and Loss Suspense Account.

2. अनंत, गुलाब तथा खुशबू एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1.4.2014 से उन्होंने लाभ बराबर बाँटने का निर्णय लिया । इस उद्देश्य के लिए फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 2,40,000 किया गया ।
अनंत, गुलाब तथा खुशबू के लाभ सहभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण ख्याति के लेखांकन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । *1*

Anant, Gulab and Khushbu were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. From 1.4.2014, they decided to share the profits equally. For this purpose the goodwill of the firm was valued at ₹ 2,40,000.
Pass necessary journal entry for the treatment of goodwill on change in the profit sharing ratio of Anant, Gulab and Khushbu.

3. साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदार के ऋण पर ब्याज दिया जाता है :

(i) 8% वार्षिक की दर से ।

(ii) 6% वार्षिक की दर से ।

(iii) कोई ब्याज नहीं दिया जाता ।

(iv) 12% वार्षिक की दर से । *1*

In the absence of Partnership Deed, interest on loan of a partner is allowed :

(i) at 8% per annum.

(ii) at 6% per annum.

(iii) no interest is allowed.

(iv) at 12% per annum.

4. निर्माण लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 50,000 समता अंशों का निर्गमन किया । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर — ₹ 3 प्रति अंश
आबंटन पर — ₹ 2 प्रति अंश
प्रथम और अन्तिम याचना पर — शेष

45,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को अंशों का आबंटन कर दिया गया । पूजा, जिसे 500 अंशों का आबंटन किया गया था, ने अपनी पूरी अंश राशि का भुगतान आबंटन के समय कर दिया, जबकि कुन्दन ने अपने 300 अंशों पर प्रथम और अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । प्रथम और अन्तिम याचना माँगने पर प्राप्त राशि थी :

(i) ₹ 2,25,000

(ii) ₹ 2,20,000

(iii) ₹ 2,21,000

(iv) ₹ 2,19,500 *1*

Nirman Ltd. issued 50,000 equity shares of ₹ 10 each. The amount was payable as follows :

On application — ₹ 3 per share

On allotment — ₹ 2 per share

On first and final call — The balance

Applications for 45,000 shares were received and shares were allotted to all the applicants. Pooja, to whom 500 shares were allotted, paid her entire share money at the time of allotment, whereas Kundan did not pay the first and final call on his 300 shares. The amount received at the time of making first and final call was :

(i) ₹ 2,25,000

(ii) ₹ 2,20,000

(iii) ₹ 2,21,000

(iv) ₹ 2,19,500

5. गीता, सुनीता तथा अनीता एक फर्म में साझेदार थीं तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटती थीं । 1.1.2015 को उन्होंने लाभ के 1/10वें भाग के लिए योगिता को एक नया साझेदार बनाया । योगिता के प्रवेश के समय फर्म का लाभ-हानि खाता नाम में ₹ 20,000 का शेष दर्शा रहा था, जिसकी फर्म के लेखपाल ने उनके लाभ सहभाजन अनुपात में गीता, सुनीता तथा अनीता के पूँजी खातों के जमा में खतौनी कर दी । क्या लेखपाल द्वारा किया गया लेखा सही था ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए । *1*

Geeta, Sunita and Anita were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. On 1.1.2015 they admitted Yogita as a new partner for $1/10^{th}$ share in the profits. On Yogita's admission, the Profit and Loss Account of the firm was showing a debit balance of ₹ 20,000 which was credited by the accountant of the firm to the capital accounts of Geeta, Sunita and Anita in their profit sharing ratio. Did the accountant give correct treatment ? Give reason in support of your answer.

6. अंशों के हरण का अर्थ दीजिए । *1*
Give the meaning of forfeiture of shares.

7. अंशों का बट्टे पर निर्गमन करने से पूर्व एक कम्पनी को कई शर्तों को पूरा करना होता है । ऐसी किन्हीं तीन शर्तों का उल्लेख कीजिए । *3*

For issuing shares at discount a company has to fulfil many conditions. State any three such conditions.

8. 1.4.2013 को बृज तथा नन्दन ने उत्तराखण्ड के दूरवर्ती क्षेत्रों के सरकारी कन्या विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण करने हेतु साझेदारी फर्म बनाई । उन्होंने क्रमशः ₹ 10,00,000 तथा ₹ 15,00,000 की पूँजी लगाई । उनका लाभ सहभाजन अनुपात 2 : 3 था तथा साझेदारी संलेख के अनुसार पूँजी पर 12% प्रति वर्ष की दर से ब्याज देय था । 31.3.2014 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म ने ₹ 2,00,000 का लाभ कमाया ।

31.3.2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिए बृज तथा नन्दन का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । *3*

On 1.4.2013, Brij and Nandan entered into partnership to construct toilets in government girls schools in the remote areas of Uttarakhand. They contributed capitals of ₹ 10,00,000 and ₹ 15,00,000 respectively. Their profit sharing ratio was 2 : 3 and interest allowed on capital as provided in the Partnership Deed was 12% per annum. During the year ended 31.3.2014, the firm earned a profit of ₹ 2,00,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account of Brij and Nandan for the year ended 31.3.2014.

9. 'डेविड लिमिटेड' ने ₹ 10,00,00,000 की अपनी अधिकृत पूँजी में से ₹ 10 प्रत्येक के ₹ 40,00,000 के समता अंशों का निर्गमन किया । इन अंशों पर राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर – ₹ 1 प्रति अंश

आबंटन पर – ₹ 2 प्रति अंश

प्रथम याचना पर – ₹ 3 प्रति अंश

दूसरी तथा अन्तिम याचना पर – ₹ 4 प्रति अंश

सभी याचनाएँ माँग ली गईं तथा मिल गईं केवल विपुल को छोड़कर, जिसने अपने 1,000 अंशों पर दूसरी तथा अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । इन अंशों का हरण कर लिया गया ।

कम्पनी अधिनियम, 1956 की सूची VI भाग I के अनुसार 'अंश पूँजी' को कम्पनी के स्थिति विवरण में दर्शाइए । 'खातों के नोट्स' भी तैयार कीजिए । *3*

'David Ltd.' issued ₹ 40,00,000 equity shares of ₹ 10 each out of its registered capital of ₹ 10,00,00,000. The amount payable on these shares was as follows :

On application – ₹ 1 per share

On allotment – ₹ 2 per share

On first call – ₹ 3 per share

On second and final call – ₹ 4 per share

All calls were made and were duly received, except the second and final call on 1,000 shares held by Vipul. These shares were forfeited.

Present the 'Share Capital' in the Balance Sheet of the company as per Schedule VI Part I of the Companies Act, 1956. Also prepare 'Notes to Accounts'.

10. 'गुड ब्लैंकेट लिमिटेड' ऊनी कम्बलों के निर्माता हैं । कम्पनी के कम्बल कई देशों में निर्यात किए जाते हैं । कम्पनी ने हाल ही में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए कश्मीर घाटी के पाँच गाँवों में मुफ़्त कम्बल बाँटने का निर्णय लिया । इसने इन गाँवों के 100 नौजवानों को हिमाचल प्रदेश के सोलन में स्थापित अपने नये कारखाने में नौकरी पर रखने का भी निर्णय लिया । नया कारखाना लगाने के लिए वित्त की आवश्यकता को पूरा करने हेतु कम्पनी ने ₹ 10 प्रत्येक के 50,000 समता अंशों तथा ₹ 100 प्रत्येक के 2,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 7,00,000 में क्रय की गई मशीनरी के विक्रेताओं को किया ।

कम्पनी की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । कम्पनी द्वारा समाज को संप्रेषित किए जाने वाले किसी एक मूल्य की पहचान भी कीजिए । *3*

'Good Blankets Ltd.' are the manufacturers of woollen blankets. Blankets of the company are exported to many countries. The company decided to distribute blankets free of cost to five villages of Kashmir Valley destroyed by the recent floods. It also decided to employ 100 young persons from these villages in their newly established factory at Solan in Himachal Pradesh. To meet the requirements of funds for starting its new factory, the company issued 50,000 equity shares of ₹ 10 each and 2,000 8% debentures of ₹ 100 each to the vendors of machinery purchased for ₹ 7,00,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company. Also identify any one value which the company wants to communicate to the society.

11. 1.4.2014 को अनन्त, सम्पत तथा गुणवन्त का स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

देयताएँ		राशि ₹	सम्पत्तियाँ	राशि ₹
विविध लेनदार		9,000	बैंक	15,600
सामान्य संचय		9,600	प्राप्य बिल	18,000
पूँजी खाते :			स्टॉक	18,000
अनन्त	30,000		औज़ार	3,000
सम्पत	15,000		फर्नीचर	24,000
गुणवन्त	15,000	60,000		
		78,600		78,600

30.9.2014 को गुणवन्त का देहान्त हो गया । साझेदारी संलेख की शर्तों के अनुसार मृत साझेदार के निष्पादकों को निम्न देय था :

(क) साझेदार के पूँजी खाते का जमा शेष ।

(ख) पूँजी पर 12% प्रति वर्ष की दर से ब्याज ।

(ग) ख्याति में भाग जिसकी गणना पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के दुगुने के आधार पर की जाएगी ।

(घ) पिछले वित्तीय वर्ष की समाप्ति से उसकी मृत्यु की तिथि तक लाभ में उसका भाग, जिसकी गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी । पिछले तीन वर्षों के लाभ निम्न प्रकार थे :

वर्ष	लाभ ₹
2011 – 2012	18,000
2012 – 2013	21,000
2013 – 2014	24,000

फर्म अपने खाते प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द करती है । साझेदार अपनी पूँजी के अनुपात में लाभ बाँटते थे ।

गुणवन्त के निष्पादकों को प्रस्तुत करने के लिए उसका पूँजी खाता तैयार कीजिए । *4*

On 1.4.2014 the Balance Sheet of Anant, Sampat and Gunvant was as follows :

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Sundry Creditors		9,000	Bank	15,600
General Reserve		9,600	Bills Receivables	18,000
Capital Accounts :			Stock	18,000
Anant	30,000		Tools	3,000
Sampat	15,000		Furniture	24,000
Gunvant	15,000	60,000		
		78,600		78,600

Gunvant died on 30.9.2014. Under the terms of Partnership Deed the executors of the deceased partner were entitled to :

(a) Amount standing to the credit of partner's capital account.

(b) Interest on capital @ 12% per annum.

(c) Share of goodwill on the basis of twice the average of past three years profits.

(d) Share of profit from the closing of last financial year to the date of death on the basis of last year's profit. The profits of the last three years were as follows :

Year	Profit ₹
2011 – 2012	18,000
2012 – 2013	21,000
2013 – 2014	24,000

The firm closes its books on 31st March every year. Partners share profits in the ratio of their capitals.

Prepare Gunvant's Capital Account to be presented to his executors.

12. प्रेम, परम तथा प्रिया एक फर्म में साझेदार थे । उनकी स्थायी पूँजी थी प्रेम ₹ 2,00,000; परम ₹ 3,00,000 तथा प्रिया ₹ 5,00,000 । वे अपनी पूँजी के अनुपात में लाभ बाँटते थे । फर्म का व्यवसाय शहर के तीन विभिन्न भागों में खाने के लिए तैयार पैकेटों की बिक्री का था जिनका व्यक्तिगत आधार पर प्रेम, परम, तथा प्रिया प्रबंध करते थे । प्रेम द्वारा प्रबंध किया जाने वाला निर्गम केन्द्र परम तथा प्रिया द्वारा प्रबंध किए जाने वाले निर्गम केन्द्रों से ज़्यादा व्यवसाय कर रहा था । प्रेम ने परम तथा प्रिया से लाभ में अधिक भाग के लिए अनुरोध किया जिसे परम तथा प्रिया ने स्वीकार कर लिया । यह निर्णय लिया गया कि नया लाभ सहभाजन अनुपात 2 : 1 : 2 होगा तथा इसे पिछले चार वर्षों से प्रभाव में लाया जाएगा । पिछले चार वर्षों के लाभ क्रमशः ₹ 2,00,000; ₹ 3,50,000; ₹ 4,75,000 तथा ₹ 5,25,000 थे ।

अपनी गणनाओं को सही प्रकार से दर्शाते हुए प्रेम, परम तथा प्रिया के बीच नये समझौते को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए । *4*

Prem, Param and Priya were partners in a firm. Their fixed capitals were Prem ₹ 2,00,000; Param ₹ 3,00,000 and Priya ₹ 5,00,000. They were sharing profits in the ratio of their capitals. The firm was engaged in the sale of ready-to-eat food packets at three different locations in the city, each being managed by Prem, Param and Priya. The outlet managed by Prem was doing more business than the outlets managed by Param and Priya. Prem requested Param and Priya for a higher share in the profits of the firm which Param and Priya accepted. It was decided that the new profit sharing ratio will be 2 : 1 : 2 and its effect will be introduced retrospectively for the last four years. The profits of the last four years were ₹ 2,00,000; ₹ 3,50,000; ₹ 4,75,000 and ₹ 5,25,000 respectively.

Showing your calculations clearly, pass a necessary adjustment entry to give effect to the new agreement between Prem, Param and Priya.

13. माला, नीला तथा काला साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1.3.2015 को उनकी फर्म का विघटन हो गया । परिसम्पत्तियों को बेच दिया गया तथा देयताओं का भुगतान कर दिया गया । लेखपाल ने वसूली खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा रोकड़ खाता तैयार किया, परन्तु इन खातों में कुछ राशियों की खतौनी करना भूल गया । आप नीचे दिए गए खातों में सही राशियों की खतौनी करके इन्हें पूरा कीजिए ।

वसूली खाता

नाम **जमा**

विवरण		राशि ₹	विवरण		राशि ₹
विविध परिसम्पत्तियाँ :			डूबत ऋणों के लिए प्रावधान		1,000
मशीनरी	10,000		विविध लेनदार		15,000
स्टॉक	21,000		शीला का ऋण		13,000
देनदार	20,000		मरम्मत तथा नवीनीकरण संचय		1,200
पूर्वदत्त बीमा	400		रोकड़ – परिसम्पत्तियों का विक्रय :		
निवेश	3,000	54,400	मशीनरी	8,000	
माला का पूँजी खाता – शीला का ऋण		13,000	स्टॉक	14,000	
रोकड़ – लेनदारों को भुगतान		15,000	देनदार	16,000	38,000
रोकड़ – अनादरित बिल का भुगतान		5,000	माला का पूँजी खाता – निवेश		2,000
रोकड़ – व्यय		800	.....		.....
		88,200			88,200

पूँजी खाते

नाम **जमा**

विवरण	माला ₹	नीला ₹	काला ₹	विवरण	माला ₹	नीला ₹	काला ₹
.....	.....	.....	.....	.....	.....	.....	.....
.....	.....			.....	.....		
रोकड़	12,000	9,000		रोकड़			1,000
	23,000	15,000	3,000		23,000	15,000	3,000

रोकड़ खाता

नाम **जमा**

विवरण	राशि ₹	विवरण	राशि ₹
शेष आगे लाए	2,800	वसूली खाता – लेनदारों को भुगतान	15,000
वसूली खाता – परिसम्पतियों का विक्रय	38,000	अनादरित बिल	5,000
काला का पूँजी खाता	1,000	.....	.....
		माला का पूँजी खाता	12,000
		नीला का पूँजी खाता	9,000
	41,800		41,800

6

Mala, Neela and Kala were partners sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. On 1.3.2015 their firm was dissolved. The assets were realized and liabilities were paid off. The accountant prepared Realisation Account, Partners' Capital Accounts and Cash Account, but forgot to post few amounts in these accounts.

You are required to complete these below given accounts by posting correct amounts.

Realisation Account

Dr. **Cr.**

Particulars		Amount ₹	Particulars		Amount ₹
To Sundry Assets :			By Provision for bad debts		1,000
Machinery	10,000		By Sundry Creditors		15,000
Stock	21,000		By Sheela's Loan		13,000
Debtors	20,000		By Repairs and Renewals Reserve		1,200
Prepaid Insurance	400		By Cash – Assets sold :		
Investments	3,000	54,400	Machinery	8,000	
To Mala's Capital A/c – Sheela's Loan		13,000	Stock	14,000	
To Cash – Creditors paid		15,000	Debtors	16,000	38,000
To Cash – Dishonoured bill paid		5,000	By Mala's Capital – Investments		2,000
To Cash – Expenses		800	.....		.....
		88,200			88,200

Capital Accounts

Dr. **Cr.**

Particulars	Mala ₹	Neela ₹	Kala ₹	Particulars	Mala ₹	Neela ₹	Kala ₹
.....	.....	.....	.....	.....	.....	.....	.....
.....	.....			.....	.....		
To Cash	12,000	9,000		By Cash			1,000
	23,000	15,000	3,000		23,000	15,000	3,000

Cash Account

Dr. **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Balance b/d	2,800	By Realisation A/c – Creditors paid	15,000
To Realisation A/c – Sale of assets	38,000	By Dishonoured bill	5,000
To Kala's Capital A/c	1,000	.....	.....
		By Mala's Capital A/c	12,000
		By Neela's Capital A/c	9,000
	41,800		41,800

14. 1.1.2008 को उदय तथा कौशल ने क्रमशः ₹ 7,00,000 तथा ₹ 3,00,000 की स्थायी पूँजी से एक साझेदारी फर्म बनाई । वे अच्छा व्यवसाय चला रहे थे तथा उसका विस्तार करना चाहते थे परन्तु पूँजी की कमी के कारण ऐसा नहीं कर पा रहे थे । अतः, अधिक पूँजी के लिए उन्होंने 1.1.2010 को गोविन्द को एक नये साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश कराया । गोविन्द ₹ 10,00,000 की पूँजी लाया तथा उनके बीच नया लाभ सहभाजन अनुपात 3 : 2 : 5 तय हुआ । 1.1.2012 को ₹ 8,00,000 पूँजी के साथ लाभ में 1/10 वें भाग के लिए उन्होंने हरी को एक नये साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश कराया जिसे उसने उदय, कौशल तथा गोविन्द से बराबर-बराबर प्राप्त किया । 1.4.2014 को गोविन्द का देहान्त हो गया तथा उसके लाभ का भाग उदय तथा हरी द्वारा बराबर-बराबर ले लिया गया ।

गणना कीजिए :

(i) गोविन्द के प्रवेश पर उदय तथा कौशल का त्याग अनुपात ।

(ii) हरी के प्रवेश पर उदय, कौशल, गोविन्द तथा हरी का नया लाभ सहभाजन अनुपात ।

(iii) गोविन्द की मृत्यु पर उदय, कौशल तथा हरी का नया लाभ सहभाजन अनुपात । *6*

On 1.1.2008, Uday and Kaushal entered into partnership with fixed capitals of ₹ 7,00,000 and ₹ 3,00,000 respectively. They were doing good business and were interested in its expansion but could not do the same because of lack of capital. Therefore, to have more capital, they admitted Govind as a new partner on 1.1.2010. Govind brought ₹ 10,00,000 as capital and the new profit sharing ratio decided was 3 : 2 : 5. On 1.1.2012, another new partner Hari was admitted with a capital of ₹ 8,00,000 for $1/10^{th}$ share in the profits, which he acquired equally from Uday, Kaushal and Govind. On 1.4.2014 Govind died and his share was taken over by Uday and Hari equally.

Calculate :

(i) The sacrificing ratio of Uday and Kaushal on Govind's admission.

(ii) New profit sharing ratio of Uday, Kaushal, Govind and Hari on Hari's admission.

(iii) New profit sharing ratio of Uday, Kaushal and Hari on Govind's death.

15. 'अनन्या लिमिटेड' की अधिकृत पूँजी ₹ 10,00,00,000 थी जो ₹ 100 प्रत्येक के 10,00,000 समता अंशों में विभक्त थी । कम्पनी ने 2,00,000 अंशों का निर्गमन पहले ही कर दिया था । 31.3.2007 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कम्पनी ने ₹ 30 प्रति अंश का लाभांश दिया । कम्पनी प्रबंधन ने कम्पनी के उत्पादों को अफ्रीका के देशों में निर्यात करने का निर्णय लिया । अतिरिक्त वित्त की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए कम्पनी के वित्तीय प्रबंधक ने निदेशक मण्डल के समक्ष निम्न तीन विकल्प प्रस्ताव रखे :

(i) ₹ 100 प्रति अंश के प्रीमियम पर 47,500 समता अंशों का निर्गमन ।

(ii) बैंक से दीर्घकालीन ऋण लिया जाए जो 12% प्रति वर्ष के ब्याज पर उपलब्ध था ।

(iii) 9% ऋणपत्रों का 5% के बट्टे पर निर्गमन किया जाए ।

सभी विकल्पों का मूल्यांकन करने के पश्चात् 1.4.2008 को कम्पनी ने 1,00,000, 9% ऋणपत्र निर्गमित करने का निर्णय लिया । प्रत्येक ऋणपत्र का अंकित मूल्य ₹ 100 था । इन ऋणपत्रों का शोधन तीसरे वर्ष के अन्त से शुरू करके चार किश्तों में निम्न प्रकार से करना था :

वर्ष	राशि ₹
III	10,00,000
IV	20,00,000
V	30,00,000
VI	40,00,000

1.4.2008 से शुरू करके जब तक सभी ऋणपत्रों का शोधन कर दिया जाए, 9% ऋणपत्र खाता तैयार कीजिए । *6*

'Ananya Ltd.' had an authorized capital of ₹ 10,00,00,000 divided into 10,00,000 equity shares of ₹ 100 each. The company had already issued 2,00,000 shares. The dividend paid per share for the year ended 31.3.2007 was ₹ 30. The management decided to export its products to African countries. To meet the requirements of additional funds, the finance manager put up the following three alternate proposals before the Board of Directors :

(i) Issue 47,500 equity shares at a premium of ₹ 100 per share.

(ii) Obtain a long-term loan from bank which was available at 12% per annum.

(iii) Issue 9% debentures at a discount of 5%.

After evaluating these alternatives the company decided to issue 1,00,000, 9% debentures on 1.4.2008. The face value of each debenture was ₹ 100. These debentures were redeemable in four instalments starting from the end of third year, which was as follows :

Year	Amount ₹
III	10,00,000
IV	20,00,000
V	30,00,000
VI	40,00,000

Prepare 9% debenture account from 1.4.2008 till all the debentures were redeemed.

16. 'लग्ज़री कार्स् लिमिटेड' ने ₹ 50 प्रत्येक के 10,000 समता अंशों को ₹ 100 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर – ₹ 75 प्रति अंश (₹ 50 प्रीमियम सहित)

आबंटन पर – शेष

निर्गमन पूर्ण रूप से अभिदत्त हो गया । एक अंशधारक, जिसके पास 400 अंश थे, ने आवेदन के समय ही अपनी पूर्ण अंश राशि का भुगतान कर दिया । एक और अंशधारक, जिसके पास 300 अंश थे, ने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया । उसके अंशों का हरण कर लिया गया । हरण किए गए अंशों को बाद में ₹ 90 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

अथवा

'साफ्टवेयर लिमिटेड' ने ₹ 10 प्रत्येक के 70,000 समता अंशों को निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए जिन पर ₹ 7 प्रति अंश माँगा गया था, जो निम्न प्रकार से देय थे :

आवेदन पर – ₹ 2 प्रति अंश
आबंटन पर – ₹ 3 प्रति अंश
प्रथम याचना पर – शेष

राशि निम्न प्रकार से प्राप्त हुई :

40,000 अंशों पर – ₹ 7 प्रति अंश
20,000 अंशों पर – ₹ 5 प्रति अंश
10,000 अंशों पर – ₹ 2 प्रति अंश

निदेशकों ने उन 30,000 अंशों का हरण कर लिया जिन पर ₹ 7 प्रति अंश से कम प्राप्त हुए थे । बाद में हरण किए गए अंशों को ₹ 5 प्रति अंश, ₹ 7 प्रति अंश प्रदत्त पर पुन: निर्गमित कर दिया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

'Luxury Cars Ltd.' invited applications for issuing 10,000 equity shares of ₹ 50 each at a premium of ₹ 100 per share. The amount was payable as follows :

On application – ₹ 75 per share (including ₹ 50 premium)
On allotment – The balance

The issue was fully subscribed. A shareholder holding 400 shares paid his entire share money at the time of application. Another shareholder holding 300 shares did not pay the allotment money. His shares were forfeited. The forfeited shares were later on re-issued for ₹ 90 per share as fully paid up.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company.

OR

'Software Ltd.' invited applications for issuing 70,000 equity shares of ₹ 10 each on which ₹ 7 per share were called up, which were payable as follows :

On application – ₹ 2 per share

On allotment – ₹ 3 per share

On first call – The balance

The amount was received as follows :

On 40,000 shares – ₹ 7 per share

On 20,000 shares – ₹ 5 per share

On 10,000 shares – ₹ 2 per share

The directors forfeited 30,000 shares on which less than ₹ 7 per share were received. Later on the forfeited shares were re-issued at ₹ 5 per share, as ₹ 7 per share paid up.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company.

17. ओम, राम तथा शान्ति एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2014 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

देयताएँ		राशि ₹	सम्पत्तियाँ	राशि ₹
पूँजी खाते :			भूमि तथा भवन	3,64,000
ओम	3,58,000		संयंत्र तथा मशीनरी	2,95,000
राम	3,00,000		फर्नीचर	2,33,000
शान्ति	2,62,000	9,20,000	प्राप्य बिल	38,000
सामान्य संचय		48,000	विविध देनदार	90,000
लेनदार		1,60,000	स्टॉक	1,11,000
देय बिल		90,000	बैंक	87,000
		12,18,000		12,18,000

उपर्युक्त तिथि को निम्न शर्तों पर हनुमान को एक नया साझेदार बनाया गया :

(i) वह अपनी पूँजी के लिए ₹ 1,00,000 लाएगा तथा लाभ में उसका भाग 1/10 होगा ।

(ii) वह ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के लिए आवश्यक राशि लाएगा । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,00,000 किया गया ।

(iii) बट्टे पर भुनाए गए प्राप्य बिलों के लिए ₹ 18,000 की एक देयता बनाई जाएगी ।

(iv) स्टॉक तथा फर्नीचर के मूल्य को 20% से घटाया जाएगा ।

(v) भूमि तथा भवन के मूल्य को 10% से बढ़ाया जाएगा ।

(vi) साझेदारों के पूँजी खातों का समायोजन हनुमान की पूँजी के आधार पर उनके लाभ सहभाजन अनुपात में चालू खाता खोलकर किया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । *8*

अथवा

जेवियर, यूसुफ तथा जमन एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1.4.2014 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

देयताएँ		राशि ₹	सम्पत्तियाँ		राशि ₹
विविध लेनदार		41,400	बैंक में रोकड़		33,000
पूँजी खाते :			विविध देनदार	30,450	
			घटा : डूबत ऋणों के लिए प्रावधान	1,050	29,400
जेवियर	1,20,000		स्टॉक		48,000
यूसुफ	90,000		संयंत्र तथा मशीनरी		51,000
जमन	60,000	2,70,000	भूमि तथा भवन		1,50,000
		3,11,400			3,11,400

यूसुफ ख़राब स्वास्थ्य से पीड़ित था, अत: उसने फर्म से अवकाश लेने का नोटिस दिया । 1.4.2014 को एक समझौता हुआ, जिसकी शर्तें निम्न प्रकार से थीं :

(i) भूमि तथा भवन के मूल्य को 10% से बढ़ाया जाएगा ।

(ii) डूबत ऋणों के लिए प्रावधान की अब आवश्यकता नहीं है ।

(iii) स्टॉक का मूल्य 20% से बढ़ाया जाएगा ।

(iv) फर्म की ख्याति का मूल्य ₹ 54,000 तय किया गया । उसमें से यूसुफ के भाग को जेवियर तथा जमन के पूँजी खातों में समायोजित किया जाएगा । उनका भावी लाभ सहभाजन अनुपात 2 : 1 है ।

(v) नई बनाई गई फर्म की सम्पूर्ण पूँजी इस तरह से पुनः समायोजित की जाएगी कि यह जेवियर तथा जमन के नये लाभ सहभाजन अनुपात में हो । इसके लिए आवश्यक नगद लाया जाएगा अथवा भुगतान होगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । *8*

Om, Ram and Shanti were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. On 1st April, 2014 their Balance Sheet was as follows :

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Capital Accounts :			Land and Building	3,64,000
Om	3,58,000		Plant and Machinery	2,95,000
Ram	3,00,000		Furniture	2,33,000
Shanti	2,62,000	9,20,000	Bills Receivables	38,000
General Reserve		48,000	Sundry Debtors	90,000
Creditors		1,60,000	Stock	1,11,000
Bills Payable		90,000	Bank	87,000
		12,18,000		12,18,000

On the above date Hanuman was admitted on the following terms :

(i) He will bring ₹ 1,00,000 for his capital and will get 1/10th share in the profits.

(ii) He will bring necessary cash for his share of goodwill premium. The goodwill of the firm was valued at ₹ 3,00,000.

(iii) A liability of ₹ 18,000 will be created against bills receivables discounted.

(iv) The value of stock and furniture will be reduced by 20%.

(v) The value of land and building will be increased by 10%.

(vi) Capital accounts of the partners will be adjusted on the basis of Hanuman's capital in their profit sharing ratio by opening current accounts.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts.

OR

Xavier, Yusuf and Zaman were partners in a firm sharing profits in the ratio of 4 : 3 : 2. On 1.4.2014 their Balance Sheet was as follows :

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Sundry Creditors		41,400	Cash at Bank		33,000
Capital Accounts :			Sundry Debtors	30,450	
Xavier	1,20,000		Less : Provision for Bad Debts	1,050	29,400
Yusuf	90,000		Stock		48,000
Zaman	60,000	2,70,000	Plant and Machinery		51,000
			Land and Building		1,50,000
		3,11,400			3,11,400

Yusuf had been suffering from ill health and thus gave notice of retirement from the firm. An agreement was, therefore, entered into as on 1.4.2014, the terms of which were as follows :

(i) That land and building be appreciated by 10%.

(ii) The provision for bad debts is no longer necessary.

(iii) That stock be appreciated by 20%.

(iv) That goodwill of the firm be fixed at ₹ 54,000. Yusuf's share of the same be adjusted into Xavier's and Zaman's Capital Accounts, who are going to share future profits in the ratio of 2 : 1.

(v) The entire capital of the newly constituted firm be readjusted by bringing in or paying necessary cash so that the future capitals of Xavier and Zaman will be in their profit sharing ratio.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts.

खण्ड ख
(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

PART B
(Analysis of Financial Statements)

18. रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय एक वित्तीय कम्पनी के लेखपाल ने 'निवेशों से प्राप्त ₹ 50,000 के लाभांश' को निवेश गतिविधि में दर्शाया । क्या ऐसा करने में वह सही था ? कारण दीजिए । *1*

While preparing Cash Flow Statement, the accountant of a financing company showed 'Dividend Received ₹ 50,000 on investments' as an investing activity. Was he correct in doing so ? Give reason.

19. निम्न में से किस लेनदेन से रोकड़ प्रवाह होगा ?

(i) बैंक में ₹ 40,000 जमा किए ।

(ii) बैंक से ₹ 54,000 का आहरण किया ।

(iii) ₹ 25,000 के विक्रेय निवेशों को सममूल्य पर बेचा ।

(iv) ₹ 50,000 पुस्तक मूल्य की मशीनरी को ₹ 10,000 के लाभ पर बेचा । *1*

Which of the following transactions will result into flow of cash ?

(i) Deposited ₹ 40,000 into bank.

(ii) Withdrew cash from bank ₹ 54,000.

(iii) Sold marketable securities of ₹ 25,000 at par.

(iv) Sold machinery of book value of ₹ 50,000 at a gain of ₹ 10,000.

20. कम्पनी अधिनियम, 1956 की सूची VI भाग I के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में निम्न मदों को किन-किन मुख्य शीर्षकों तथा उप-शीर्षकों के अन्तर्गत दर्शाया जाएगा :

(i) लाभ-हानि विवरण का शेष ।

(ii) ₹ 1,00,000 का ऋण जिसका भुगतान तीन वर्ष पश्चात् करना है ।

(iii) अल्पावधि जमा जो माँग पर देय है ।

(iv) ख़ुदरा औज़ार ।

(v) ट्रेडमार्क ।

(vi) भूमि ।

(vii) बैंक में रोकड़ ।

(viii) व्यापारिक देनदारियाँ । *4*

Under which major headings and sub-headings will the following items be shown in the Balance Sheet of a company as per Schedule VI Part I of the Companies Act, 1956 :

(i) Balance of the Statement of Profit and Loss.
(ii) Loan of ₹ 1,00,000 payable after three years.
(iii) Short-term deposits payable on demand.
(iv) Loose tools.
(v) Trademark.
(vi) Land.
(vii) Cash at bank.
(viii) Trade payables.

21. एक कम्पनी का चालू अनुपात 2·1 : 1·2 है । कारण देते हुए बताइए कि निम्नलिखित लेनदेनों से यह अनुपात बढ़ेगा, घटेगा अथवा इसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा :

(i) ₹ 1,00,000 के 9% ऋणपत्रों का शोधन 10% के प्रीमियम पर किया ।
(ii) देनदारों से ₹ 17,000 प्राप्त किए ।
(iii) मशीनरी के विक्रेताओं को ₹ 2,00,000 के समता अंशों का निर्गमन किया ।
(iv) लेनदारों द्वारा लिखे गए ₹ 7,000 के विनिमय पत्र स्वीकार किए । *4*

The Current Ratio of a company is 2·1 : 1·2. State with reasons which of the following transactions will increase, decrease or not change the ratio :

(i) Redeemed 9% debentures of ₹ 1,00,000 at a premium of 10%.
(ii) Received from debtors ₹ 17,000.
(iii) Issued ₹ 2,00,000 equity shares to the vendors of machinery.
(iv) Accepted bills of exchange drawn by the creditors ₹ 7,000.

22. कम लागत पर जेनरिक दवाओं का उत्पादन करने वाली कम्पनी 'फार्मा लिमिटेड' का आदर्श-वाक्य 'स्वस्थ भारत' है । इसके प्रबंधक तथा कर्मचारी मेहनती, ईमानदार तथा अभिप्रेरित हैं । 31.3.2014 को समाप्त हुए वर्ष में कम्पनी का शुद्ध लाभ दुगुना हो गया । अपने निष्पादन से उत्साहित कम्पनी ने अपने सभी कर्मचारियों को पिछले वर्ष की तुलना में दुगुनी दर से बोनस देने का निर्णय किया ।

31.3.2013 तथा 31.3.2014 को समाप्त हुए वर्षों के लिए कम्पनी का तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण निम्न प्रकार से है :

फार्मा लिमिटेड
तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण

विवरण	नोट संख्या	2012 – 13 ₹	2013 – 14 ₹	निरपेक्ष परिवर्तन ₹	% परिवर्तन
कार्यकलापों से आगम		20,00,000	30,00,000	10,00,000	50
